I sometimes feel we should also do something for Jammu and Kashmir, which is a part of India. Some law has to be framed. Something has to be brought in for those Pandits who have been thrown out of Kashmir so that they can again go back to Kashmir and their land can also be given to them. That is also something which should be thought about.

I once again welcome this Bill and support it wholeheartedly on behalf of my Party.

Thank you very much.

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) :** अध्यक्ष महोदया, शत्रु सम्पत्ति विधेयक, 2016 पहले भी कई बार आया और अब यह अध्यादेश के रूप में पांचवीं बार आया है। शत्रु शब्द सद्भाव को खत्म करता है। पड़ोस से सद्भाव की भाषा होनी चाहिए, हमें शत्रु शब्द से आपत्ति है। प्राकृतिक न्याय के मूलभूत सिद्धांत को बनाए रखना चाहिए। मानवाधिकार और स्थापित कानून हैं, उन सिद्धांतों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए, लेकिन इसका उल्लंघन होता है। आजादी की लड़ाई में हम सभी मिल कर लड़े और अंग्रेजों को भारत से भगाया। इसमें हिन्दू भाई, मुसलमान भाई, सिख भाई और ईसाई भाई सभी का खून बहा। देश का बंटवारा हुआ, नाना जी, दादा जी पाकिस्तान चले गए लेकिन उनका वारिश यहीं रह गया। अगर वह टेलीफोन से बात करते हैं और पोते से पूछते हैं कि हमारे घर का क्या हाल चाल है, हमारी संपत्ति कैसी है। उसके सारे अधिकार छीने जा रहे हैं, नैसर्गिक न्याय मिलना चाहिए, वह नहीं मिल पाता है। यह सत्य, अहिंसा, भाईचारे वाला देश है। यह अध्यायदेश आया है, आपके पास बहुमत भी है और यह पास भी हो जाएगा, लेकिन जमीन हिन्दुस्तान में है, केवल व्यक्ति चले गए, लेकिन उनका वारिश यहां है। जमीन उठ कर पाकिस्तान नहीं जाएगी बल्कि जमीन हिन्दुस्तान में ही रहेगी। उस उस संपत्ति का इस्तेमाल हम और आप करेंगे। इसमें कई चीजों पर विचार करना चाहिए, चाहे दिल्ली का मामला हो, लखनऊ का मामला हो, हैदराबाद का मामला हो, कई मामले हैं। महमूदाबाद के राजा के संबंध में चर्चा आई, उनकी संपत्ति के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय ने भी फैसला दिया।

**<u>14.00 hours</u>**

मैं महामहिम राष्ट्रपति जी पर स्वाभाविक रूप से चर्चा नहीं करूंगा, लेकिन उन्होंने भी थोड़ी नाराजगी जाहिर की।

मैं इतना कहकर ही अपनी बात समाप्त करता हूं कि नैसर्गिक न्याय मिलना चाहिए।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) :** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शत्रु संपत्ति (संशोधन) विधेयक, 2016 पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। इस विधेयक पर सदन में पहले चर्चा हो चुकी है और विधेयक पारित हो चुका है, किंतु राज्य सभा में विलंब के कारण सरकार को पांचवीं बार अध्यादेश लाना पड़ा, क्योंकि उक्त संपत्ति के हस्तांतरण में बाधाएं आ रही थीं। राज्य सभा से पारित होने के बाद इस पर फिर से चर्चा हो रही है। इस संशोधन में मात्र कुछ शब्दों का संशोधन है। प्रेमचन्द्रन जी ने बहुत विस्तार से इसकी चर्चा की है और उसका स्पष्टीकरण किया जा रहा है। जैसा कि रिपोर्ट में कहा गया कि 16,545 शत्रु संपत्तियां, जिनकी कीमत लगभग एक लाख करोड़ रुपए है, विवादों में पड़ी हैं। गृह मंत्रालय का उस पर अधिपत्य बना हुआ है, अतः इस कानून के बनने से शत्रु सम्पत्ति अधिनियम, 1968 में संशोधन के बाद केंद्र सरकार को उन शत्रु संपत्तियों का निपटारा करने में फायदा होगा। मेरा मानना है कि सरकार को इससे काफी आर्थिक लाभ होगा अतः सरकार की जल्दबाजी समझ में आ रही है। मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि शत्रु संपत्तियां जिन राज्यों में अवस्थित हैं, उसका निपटारा कर उन संपत्तियों को उन ही राज्यों को हस्तांतरित कर दे जिससे उनको अधिकार मिले।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करते हुए इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

**गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं सबसे पहले सभी सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि इस बिल पर उन्होंने अपने बहुत ही महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस चर्चा में सदस्यों ने पार्टिसिपेट किया है, प्रेमचन्द्रन जी, अधीर रंजन चौधरी जी, थोटा नरसिम्हन जी, सौगत राय, राज मोहन रेड्डी, अरविंद सावंत जी, जय प्रकाश यादव जी, मोहम्मद सलीम जी, कौशलेन्द्र कुमार जी ने बहुत ही महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए हैं। मैं सबके प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि सबने कुछ सुझावों के साथ अंत में कहा कि हम इस बिल को समर्थन देते हैं।

मैं यह बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि इस बिल को कभी भी जाति, धर्म और मज़हब के दायरे में बांटकर नहीं देखना चाहिए। यह बिल केवल उन ही लोगों के लिए नहीं है, जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था, जो लोग तब भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे, बल्कि जब चीन के साथ भारत का युद्ध हुआ था, उस समय भी जो चाइनीज नेशनल्स भारत को छोड़कर चीन चले गए थे, उनकी भी प्रापर्टी का मामला इस बिल में शामिल है। इस बिल में हमने उन लोगों का पूरी तरह से कोग्निजेंस लिया है। सम्मानित सदस्यों ने बहुत सी बातें कही हैं, मैं बहुत ज्यादा विस्तार में नहीं जाना चाहूंगा, लेकिन एक बात बार-बार माननीय सदस्यों द्वारा उठाई गई है कि पांच बार एनेमी प्राप्रर्टी से संबंधित आर्डिनेंस जारी करने की क्या जरूरत पड़ी है? उन्होंने यह भी कहा कि अब तक हिस्ट्री में कभी ऐसा नहीं हुआ है।

अध्यक्ष जी, मैं यहां स्पष्ट करना चाहता हूं कि इससे पहले, चाहे डिपोजिटरी ऑर्डिनेंस हो अथवा इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट अमेंडमेंट ऑर्डिनेंस रहा हो, चाहे एम्पलाइज़ प्रोविडेंट फंड्स एंड मिसलेनियस प्रोवीजन अमेंडमेंट ऑर्डिनेंस हो, चाहे बिल्डिंग एंड अदर कन्सट्रक्शन ऑर्डिनेंस हो, ये सारे ऑर्डिनेंसिस एक या दो बार नहीं बल्कि चार बार जारी हुए हैं। मैं इस ऑर्डिनेंस के बारे में कहना चाहता हूं कि हमें इस ऑर्डिनेंस को पांचवीं बार इसलिए लागू करना पड़ा क्योंकि जब यह बिल लिस्ट हुआ था तब लास्ट सेशन था और किन्हीं कारणों इस बिल को सदन में टेकअप नहीं कर पाए। इस कारण पांचवीं बार यह आर्डिनेंस जारी करना पड़ा, नहीं तो हमारी सरकार भी बार-बार आर्डिनेंस लाने के पक्ष में कभी नहीं रहती है। किन्तु इतनी ज्यादा वैल्यूवेशन की प्राप्रर्टी होने और पब्लिक इंटरेस्ट को ध्यान में रखकर ही पांचवीं बार हमारे माननीय राष्ट्रपति महोदय को इस प्रकार का आर्डिनेंस जारी करने पर अपनी असेन्ट देनी पड़ी है। जहां तक एक्स-ग्रेशिया क्लेम्स की बात की गयी है, तो मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि एक्स-ग्रेशिया क्लेम्स वे लोग करते थे, जो वर्ष 1965 के युद्ध के कारण भारत पलायन करके आये थे। पाकिस्तान से भारत में आये हों अथवा चाइना से भारत में आये हों, वे लोग बराबर एक्स-ग्रेशिया क्लेम्स करते थे। जो लोग अपनी सारी सम्पत्तियां छोड़कर आने पर बाध्य हो गये थे,. वे ही लोग एक्स-ग्रेशिया क्लेम्स करते थे, दूसरा कोई व्यक्ति एक्सग्रेशिया क्लेम नहीं कर सकता था। इस प्रकार के लगभग 57 हजार क्लेम्स कस्टोडियन आफिस में आये थे। इन लोगों के अस्तित्व के लिए इन क्लेम्स पर डाक्यूमेंट्स के आधार पर वेरीफिकेशन किया जाता था और वेरीफाइड वैल्यू का 25 परसेंट उन्हें पे भी किया जाता था। अब यह 25 परसेंट गवर्नमेंट की पालिसी थी।

अध्यक्ष महोदया, जिस राजा महमूदाबाद की प्राप्रर्टी की बात हो रही है, तो राजा महमूदाबाद ने किस प्रकार से इस क्लेम को किया, यह हमारी समझ के बाहर है, क्योंकि इन पर कोई क्लेम नहीं बनता। लेकिन फिर भी उन्होंने इस पर क्लेम किया। इन क्लेम्स का भारत में स्थित एनिमी प्राप्रर्टी के साथ कोई संबंध नहीं बनता, इसलिए उनके क्लेम करने का भी कोई औचित्य नहीं था।

अध्यक्ष महोदया, मोहम्मद सलीम साहब ने एक बात कही है कि पार्टीशन के टाइम छोड़ी गयी सम्पत्तियां इवेक्यूई प्राप्रर्टीज कहलाती हैं। आपने कहा कि उसे आपने एनिमी प्राप्रर्टी कैसे मान लिया है, तो हमने उसे एनिमी प्राप्रर्टी नहीं माना है। उनको जिसने छोड़ा है, इवेक्यूई प्राप्रर्टी माना है। उसे एनिमी प्राप्रर्टी नहीं माना है। यह जो इवेक्यूई एक्ट है, उससे यह गवर्न होता है। यह पूरी तरह से दूसरा विषय है, इसलिए इसके संबंध में भी कोई चर्चा करने की आवश्यकता नहीं है।

अध्यक्ष महोदया, अधीर रंजन चौधरी जी ने एक सवाल खड़ा किया कि क्या सभी एनिमी प्राप्रर्टीज को आईडेंटिफाई कर लिया गया है? मैं इस संबंध में स्पष्ट करना चाहूंगा कि जितनी भी इस प्रकार की प्राप्रर्टीज हैं, उन्हें पूरी तरह से आईडेंटिफाई कर लिया गया है और यह एक कन्टीन्यूअस प्रौसैस है। जो प्राप्रर्टीज बची होंगी, वे बाद में आईडेंटिफाई कर ली जायेंगी। जब कभी भी एनिमी प्राप्रर्टी के रूप में सूचना प्राप्त होती है, तो उसे स्वीकार करने अथवा नकारने के संबंध मे प्रक्रियानुसार जांच भी प्रारंभ की जाती हैं।

अध्यक्ष महोदया, अधीर रंजन चौधरी जी ने एक शंका और व्यक्त की थी कि क्या कस्टोडियन ने कुछ सम्पत्तियों का अंतिम रूप से निपटान कर दिया है? मैं यहां स्पष्ट करना चाहूंगा कि कस्टोडियन द्वारा किसी भी एनिमी प्राप्रर्टी का डिस्पोज ऑफ नहीं किया गया है। ये कुछ क्लेरीफिकेशन यहां देना आवश्यक था, इसलिए मैंने उसका क्लेरीफिकेशन यहां पर दिया है। यह बिल जब लोक सभा में पास हुआ और राज्य सभा में विचाराधीन गया था, तब वहां सेलेक्ट कमेटी में कुछ सम्मानित सदस्यों ने अपने डिसेंट दिये थे। मैं यहां पर उन डिसेंट्स की भी चर्चा करना आवश्यक समझता हूं।

पहली बात थी कि यह नेचुरल जस्टिस के खिलाफ है और साथ-साथ यह भी कहा गया था कि यह ह्यूमन राइट्स का वायलेशन है। राज्य सभा के उन सभी सम्मानित सदस्यों ने एनिमी प्राप्रर्टी (अमेंडमेंट एंड वेलिडेशन) बिल, 2016 पर अपने डिसेंट देते हुए कहा कि चूंकि यह बिल नेचुरल जस्टिस और ह्यूमन राइट्स के प्रिंसिपल के पूरी तरह से खिलाफ है, इसलिए इस बिल को किसी भी सूरत में पारित नहीं किया जाना चाहिए। अब यह बात मेरी समझ में नहीं आती कि यह नेचुरल जस्टिस के खिलाफ कैसे है। इंडियन सिटीजन्स की जो प्राप्रर्टीज हैं, वे पाकिस्तान द्वारा हड़प ली गयीं। वह भारत के सिटीजन्स या उनके जो भी उत्तराधिकारी हैं, उन्हें वापिस नही कर रहा है। मैं समझता हूं कि कदाचित् नेचुरल जस्टिस यही होगा कि पाकिस्तानी नागरिकों की जो सम्पत्तियां हैं, उनको

या उनके उत्तराधिकारियों को वापिस न दी जायें। यह कैसे कहा जा रहा है? उन्होंने अपनी सारी सम्पत्तियों को डिस्पोज ऑफ कर दिया और यहां पर यह कहा जा रहा है कि उन्हें वापिस किया जाना चाहिए। मैं समझता हूं कि यह नेचुरल जस्टिस के सर्वथा खिलाफ होगा। ह्युमन राइट्स के वायलेशन की बात कही गयी है, यह बात भी हमारी समझ से परे है कि कैसे ह्युमन राइट्स का वायलेशन हो रहा है। यह सारी प्रॉपर्टी एनिमी और एनिमी के उत्तराधिकारी की थी, अब वह प्रॉपर्टी भारत सरकार की कस्टडी में है। कोई अन्य इसका मालिक नहीं हो सकता है। अगर कोई किराएदार, अवैध रूप से किराएदार है तो मिल्कियत भारत सरकार की हो या किसी अन्य की, उस किराएदार को कोई फर्क नहीं पड़ता है। उस किराएदार पर टैनेन्सी एक्ट, टैनेन्सी रूल्स आदि सारे प्रॉविजन्स लागू होंगे। अतः भारत के किसी भी नागरिक का हक इसमें नहीं छीना जा रहा है। इस संबंध में पूरी तरह से क्लैरिटी होनी चाहिए, इस संबंध में किसी को सन्देह नहीं करना चाहिए, शर्त केवल यह है कि वह दुश्मन या दुश्मन का उत्तराधिकारी न हो।

दूसरा डिसेंट नोट राइट टू इक्वलिटी के बारे में था। कहा गया था इसमें सरकार राइट टू इक्वलिटी को नहीं मान रही है। इस डिसेंट नोट में इन संशोधनों को आर्टिकल 14 के विरूद्ध बताया गया है और कहा गया कि आर्टिकल 14 के अंतर्गत रीजनेबल क्लासीफिकेशन जायज है। इस बिल के प्रॉविजन्स सारी एनिमी प्रॉपर्टीज पर समान रूप से लागू हो रहे हैं तथा एक एनिमी प्रॉपर्टी से दूसरी एनिमी प्रॉपर्टी के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव अथवा पक्षपात नहीं होता है। एनिमी प्रॉपर्टी की एक अलग श्रेणी है एवं ऐसी सम्पत्ति पर ही यह संशोधन और वर्ष 1968 का कानून भी लागू होता है। इसी प्रकार, यह प्रॉविजन एनिमी सबजेक्ट के सारे हेयर्स और सक्सेसर्स पर समान रूप से लागू होता है और एनिमी के लीगल हेयर्स की नेशनलिटी पूर्णतः अप्रासंगिक है। ऐसा मैं मानता हूं। इस बिल में ऐसा भी प्रॉविजन है कि यदि कोई प्रॉपर्टी, एनिमी प्रॉपर्टी न होते हुए भी गलती से कस्टोडियन के पास वेस्ट हो जाए, तो वह उसे वापस कर दी जाएगा। अतः यह कहना कि इस बिल के प्रॉविजन्स भारतीय संविधान के आर्टिकल 14 के खिलाफ हैं, मैं समझता हूं कि कदापि उचित नहीं होगा। इसके विपरीत मैं यह मानता हूं कि यह बिल एक ऐसे मामले को पूरी तरह से रोक देता है या समाप्त कर देता है, जो पिछले कई वर्षों से पेंडिंग है तथा जिसके संबंध में डिसीजन बहुत पहले होना चाहिए था और मैं समझता हूं कि कम से कम वर्ष 2010 के बिल के समय हो जाना चाहिए था।

मैं यहां पर तीसरे डिसेंट नोट की चर्चा करना चाहूंगा, इसमें कहा गया कि सरकार ने आर्टिकल 300ए को नहीं माना है। यह आरोप लगाया गया। मैं इस आर्टिकल के बारे में बताना चाहूंगा कि यह आर्टिकल कहता है :

"No person shall be deprived of his property save by authority of law."

शत्रु सम्पत्ति को कस्टोडियन के हवाले कानून की अथारिटी से ही किया गया है, अन्यथा नहीं किया गया है। पहले डिफेंस ऑफ इंडिया एक्ट और रूल्स के तहत, तत्पश्चात् वर्ष 1968 के एक्ट के तहत और अब हाउस के सामने जो अमेंडमेंट बिल है, जो लीगल प्रॉविजन्स हैं, उनको लागू करने के लिए ही हैं। अतः कानून की परिधि के बाहर किसी की भी सम्पत्ति, भले ही वह शत्रु सम्पत्ति हो, न तो लिया गया है और न ही बिना कानून के उसे डिसपोज-ऑफ करने का सरकार कोई इरादा है। इसे भी मैं स्पष्ट करना चाहता हूं।

जहां तक एनिमी के हेयर और सक्सेसर का सवाल है, उनके संबंध में मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि इस बिल का परपज़ एनिमी प्रॉपर्टी एक्ट, 1968 के लीगल एस्पेक्ट्स को क्लैरिफाई करना है। एनिमी प्रॉपर्टी एक्ट, 1968 के प्रॉविजन्स के अनुसार, एनिमी सब्जेक्ट की मृत्यु के बाद भी, उस एनिमी सब्जेक्ट द्वारा धारित प्रॉपर्टी एनिमी प्रॉपर्टी ही रहेगी और कस्टोडियन में वेस्टेड रहेगी। एनिमी सब्जेक्ट की मृत्यु के कारण एनिमी प्रॉपर्टी का कलर नहीं बदल जाता। यदि इस बदलाव की अनुमति होती, तो मैं समझता हूं कि एनिमी प्रॉपर्टी का कांसेप्ट ही व्यर्थ हो जाता।

अत: जो वर्तमान अमेंडमेंट पेश किया गया है, वह मात्र केवल इस बात को स्पष्ट करता है कि उत्तराधिकार का कानून एनीमी प्रोपर्टी पर लागू नहीं होता है। मैं वर्ष 2010 के सैकेंड बिल जो पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी को रैफर हुआ था, उसकी रिपोर्ट के अंश का रैफरेंस देना चाहूंगा जो पूरे प्रकरण के बारे में एक प्रकार का क्लेरिफिकेशन है:

"The Standing Committee had also noted the opinion of Shri Ram Jethmalani that an heir can only get what the propositors had. When a person is dead his heir gets what he owned. Even if he is Indian citizen and hereafter his father he gets what his father had. But if the father did not have the property, the property belonged to Indian nation heir gets zero. The Standing Committee had strongly felt that enemy property worth crores of rupees should not go in the hands of those who do not have any legitimate claim over those enemy properties."

बहुत सारे मैम्बर्स ने इस कानून के रैट्रोस्पैक्टिव एप्लीकेशन के बारे में भी अपनी आपत्ति ज़ाहिर की है। उस संबंध में भी मैं यहां पर स्पष्ट करना चाहूंगा कि पार्लियामेंट और लेजिस्लेचर को कानून बनाने का अधिकार संविधान के द्वारा आर्टिकल 245, 46 और 48 ए के द्वारा पूरी तरह से प्रदत्त है। कानून के रैट्रोस्पैक्टिव एप्लीकेशन के अधिकार भी इसी में सम्मिलित हैं। एकमात्र लिमिटेशन संविधान के आर्टिकल 20 के क्लॉज वन में है जिसके तहत रैट्रोस्पैक्टिव पैनल लॉ नहीं बनाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने कई जजमेंट्स दिये हैं और अपने कई जजमेंट्स में भी सुप्रीम कोर्ट ने इस रैट्रोस्पैक्टिव एप्लीकेशन ऑफ लॉ को जस्टिफाइ किया है, इसे सही ठहराया है।

मैं इसके कुछ उदाहरण देना चाहूंगा: भुवनेश्वर सिंह,वर्सेज यूनियन ऑफ इंडिया, 1994, मकतावर ट्रस्ट वर्सेज एम.डी.नारायणन, 2003, टीकाराम वर्सेज, स्टेट ऑफ यू.पी. 2009, स्टेट ऑफ बिहार वर्सेज बिहार पेंशनर्स समाज, 2006 और वीरेन्द्र सिंह हुड्डा वर्सेज स्टेट ऑफ हरियाणा, 2004, ऐसे कई केसेज हैं। इसके अतिरिक्त कई ऐसे कानून हैं जिनको रैट्रोस्पैक्टिव इफैक्ट दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सही भी ठहराया है। कोल माइन्स इंडस्ट्रियलाइजेशन लॉज अमेंडमेंट आर्डिनेंस एंड एक्ट 1986, दूसरा बिहार स्टेट गवर्नमेंट एमप्लाइज रिवीजन ऑफ पेंशन, फैमिली पेंशन एंड डैथ-कम-रिटायरमेंट- ग्रेचुइटी- वैलीडेशन एंड एनफोर्समेंट एक्ट 2001, बैंगलोर सिटी प्लानिंग एरिया, जोनल रेगुलेशन अमेंडमेंट एंड वैलीडेशन एक्ट 1996.

माननीय अध्यक्ष जी, इसी प्रकार से इस बिल में कोई ऐसा प्रोविजन नहीं है जहां कहा गया हो कि यह बिल ज्यूडिशियल स्क्रूटनी से परे है क्योंकि यह बात पिछली बार भी आई थी और केवल एक सदस्य ने कहा था। आज तो अधिकांश सदस्यों ने स्वीकार किया कि ज्यूडिशियल स्क्रूटनी का प्रोविजन किया गया है, उसका स्वागत भी किया है। यहां तक कि कस्टोडियन के आदेशों के विरुद्ध भी उच्च न्यायालय में अपील करने का प्रावधान भी इसमें किया गया है। इसके लिए एक नया सैक्शन एक्ट वन सी में इंसर्ट किया गया है।

मैं इस सम्पत्ति के एतिहासिक पृष्ठभूमि के संबंध में भी बतलाना चाहूंगा। राजा मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान, यानी जिनको राजा महमूदाबाद कहते हैं, उनकी चर्चा बार बार आई है। मैं यहां सड़क कमेटी के समक्ष यू .पी. सरकार द्वारा 2011 एक एवीडेंस दिया गया था, उस एवीडेंस का केवल एक पार्ट सदन को सुनाना चाहता हूं। उसमें कहा था कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को अंग्रेजों ने म्यूटनी नाम दिया था। इस संग्राम को ईस्ट इंडिया कंपनी ने कुछ इंडिविजुअल्स की मदद से रुथलैसली सप्रैस कर दिया। अंग्रेजों ने सारी जमीनें अपने कब्जे में ले लीं और ऐसा प्रस्ताव रखा कि जिन लोगों ने इस संग्राम को दबाने में उनकी एक्टिवली मदद की, उन्हें वह तालुका दे दिया जाए। ऐसे भारतीयों ने जो अंग्रेजों के लॉयल थे, जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता सैनानियों के विरुद्ध अंग्रेजों की मदद की थी और वे ब्रिटिश पैट्रोनेज एनजॉय करने के इच्छुक थे। वे ताल्लुकदार बनना चाहते थे, उन्होंने सनद कबूलियत नाम से एक बॉंड एग्जिक्यूट किया। इसका अर्थ यह था कि उन्हें ब्रिटिश गवर्नमेंट के प्रति गुड फेथ, लॉयलिटी, ज़ील, और अटैचमेंट प्रदर्शित करना अति-आवश्यक था और उन्हें पूरी जिंदगी परफॉर्म करते रहना आवश्यक था। किसी भी समय, इसका किसी भी तरह से उल्लंघन उनके अधिकार और टाइटल को खत्म कर देता। जो लोग यह कहते हैं कि उनका कोई वारिस यहां आ गया, तो वह क्यों नहीं क्लेम कर सकता है, उस संबंध में मैंने जो पार्ट यहां पर पेश किया है, उसका जवाब उससे मिल जायेगा।

राज मोहम्मद अमीर मोहम्मद के पूर्वज राज मोहम्मद अमीर हसन खां ने इस तरह की सनद साइन कर ताल्लुकदारी राइट एक्वायर की थी और उनका नाम ताल्लुकदारों की सूची में आज भी 86वें नम्बर पर दर्ज है। चूंकि राजा मोहम्मद अमीर मोहम्मद के पिता, यानी राजा महमूदाबाद के पिता पाकिस्तान माइग्रेट कर गए थे और वहां के नागरिक बन गए थे। यहां तक कि उन्होंने एनिमी कंट्री में प्रॉपर्टी भी एक्वायर कर ली और यूनियन आफ इंडिया के विरुद्ध जैसे शत्रु व्यवहार करता है, वैसा व्यवहार भी उन्होंने किया था।

अध्यक्ष महोदया, मैं यह भी बताना चाहता हूं कि इंडिपेंडेंस आफ इंडिया एक्ट, 1947 में "ब्रिटिश गवर्नमेंट " शब्द को यूनियन ऑफ इंडिया और स्टेट से सब्सिट्यूट किया गया। इस प्रकार जब राजा मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान के पिता देश के एनिमी हो गए, तब ताल्लुकदारी प्रॉपर्टी में उनके सभी अधिकार ऑटोमैटिकली खत्म हो जाते हैं और उनके पुत्र राजा मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान यानी राजा महमूदाबाद का ताल्लुकदारी प्रॉपर्टी में कोई हक बनता ही नहीं है। इस प्रकार बिल संख्या 125(4)/2010 अल्ट्रावायर्स अथवा प्रोविजन्स आफ लॉ के सवर्था विरुद्ध है।

अध्यक्ष महोदया, मैं एक अन्य महत्वपूर्ण बात का उल्लेख करना चाहूंगा कि राजा महमूदाबाद को सौंपी जाने वाली प्रपोज्ड प्रापर्टी उत्तर प्रदेश सरकार या भारत सरकार के नाम से रिकार्डेड है और राजा महमूदाबाद केवल उसके नॉन-ऑक्यूपेंसी टेनेंट मात्र हैं, ओनर नहीं हैं, जिनका राइट काफी समय पहले ही खत्म हो चुका है। अगर उत्तर प्रदेश रिकार्ड मैन्युअल के प्रोविजन्स मुख्य रूप से पैरा ए-124 को इग्नोर करते हैं, तो राज्य सरकार का हजारों एकड़ जमीन पर से दावा समाप्त हो जाएगा और हजारों लोग राज्य सरकार की जमीन पर अपना दावा करेंगे, जिससे उत्तर प्रदेश राज्य को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। राजा महमूदाबाद को ज्यादातर जमीन लीज पर यूरोपियन स्टाइल में रह रहे, सिविल सर्वेंट्स को रेजिडेंशियल फैसिलिटी प्रदान करने हेतु एक टाउनशिप को डेवलपमेंट करने के लिए दी गई थी, जिसमें उन्हें नॉन-आक्यूपेंसी टेनेंट के रूप में रिकार्ड किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने जो भी बातें उस समय एविडेंस के रूप में कही थीं, उन सभी का मैंने यहां उल्लेख किया है इसलिए बिल संख्या 124 ऑफ 2010 के सैक्शन 18(1) और 18-बी (1)(2) के प्रोविजन्स के अनुसार भी उनका कोई राइट या ओनरशिप नहीं बनती है। इससे यह स्पष्ट है कि ताल्लुकदारी की ऐतिहासिक भूमिका जिसे सनद कबूलियत के नाम से जाना जाता है, प्रधानतः उन लोगों के लिए थी, जिन्होंने सक्रिय रूप से वर्ष 1857 के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के विरुद्ध अंग्रेजों की मदद की थी। अंग्रेजी सरकार ने इन आजादी विरोधी व्यक्तियों को ही ताल्लुकदार माना था। यह ताल्लुकदारी इन व्यक्तियों की अंग्रेजी सरकार के प्रति जो वफादारी, प्रतिबद्धता, निष्ठा थी, उसी की पहचान मात्र है। मैं नहीं समझता कि इस सदन में कोई भी माननीय सदस्य ऐसी सम्पत्ति के पक्ष में होगा।

अतः माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं समझता हूं कि माननीय सदस्यों के जो भी आब्जर्वेशन्स थे, मैंने उन सभी पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। मैं माननीय सदस्यों से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करूंगा कि कृपया वे बिल को पारित करने की कृपा करें।

HON. SPEAKER: Shri Premachandran, I think, now nothing is left to ask. He has replied very nicely to every point.

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): I thank the hon. Minister for the very detailed reply, including the points on legal provisions which we have raised during the course of the discussion. But still the ambiguity is not over.

I do admit that the 2005 Supreme Court judgement has created so many troubles for the people who have already acquired properties by lease or by means of ownership also. At the same time, what would be the impact of retrospective effect of the provisions of this Amendment Bill? Because all the transactions, whether it is sale or lease, even prior to 1968 and after 1968, are deemed void. So, how is this issue going to be addressed? I do accept the arguments advanced by the hon. Minister. It is absolutely right.

> I would like to quote one judgement, that is the State of Gujarat Vs. Ramanlal, Keshavlal, Soni and others AIR 1984 Supreme Court 161:
>
> "The Supreme Court has held that while the legislature may enact laws retrospectively, it should not ignore the arch of events and the constitutional rights accrued over the significant period of time. Doing so may be arbitrary and unreasonable and, therefore, violation of article 14."
>
> This is the observation of the hon. Supreme Court in giving effect to the provisions of a particular law with retrospective effect.

Here also we are giving retrospective effect in respect of the definition of what is 'enemy'. We are giving retrospective effect to all the transactions, including the vesting of the property in this particular authority. The judgement of 2005 is creating problems. Similarly, this amendment will also create more confusion in respect of the transaction which took place prior to 1968 and after 1968 till 7$^{th}$ January, 2016 when the Ordinance was promulgated. So, this ambiguity has not been cleared. This is not going to put an end to this. Further litigations will come. Definitely, this has to be taken care of. We are all supporting it. Hon. Minister, Shri Arun Jaitley is also here. My point is the violation of article 14 is very specific. Further, I would like to know whether this will stand the scrutiny of law. That is also a question that should be agitated. Finally, what is going to happen is that the 2005 judgement protecting the interest of this particular Raja will stand protected. Suppose, this legislation is declared illegal and invalid, definitely then this particular Raja Mohammad, will be benefited. So, the legal impediment of the provisions and the practical applications of the provisions of this Bill are not clear. So, it is going to open a Pandora's Box and further litigations will come. The purpose will not be served.

With these observations I conclude. I am seeking clarifications of the hon. Minister.

**श्री राजनाथ सिंह :** महोदया, मैं पहली बात यह क्लैरीफाई कर देना चाहता हूं कि जो रेट्रोस्पेक्टिव क्लाज़ है, उसके कारण कोई एडवर्स इफेक्ट नहीं होने वाला है। प्रेमचन्द्रन जी ने जो बात कही है कि यदि ऐसा होगा, तब क्या होगा और यदि वैसा हुआ, तब क्या होगा। इस बारे में मैं कहना चाहता हूं कि जब होगा, तब देखेंगे।

HON. SPEAKER: The question is:

> "That this House disapproves of the Enemy Property (Amendment and Validation) Fifth Ordinance, 2016 (Ordinance No. 8 of 2016) promulgated by the President on 22$^{nd}$ December, 2016."

*The motion was negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

> "That the following amendments made by Rajya Sabha in the Bill further to amend the Enemy Property (Amendment and Validation) Bill, 2016, as passed by Lok Sabha be taken into consideration."

-

-

–

–

–

–

–

**ENACTING FORMULA**

–

1. That at page 1, line 1, ***for*** the word "Sixty-seventh", the word "Sixty-eighth" be ***substituted.***

**CLAUSE 1**

2. That at page 1, line 4, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted***

**CLAUSE 2**

3. That at page 2, line 24, ***for*** the word "law", the words "other laws" be ***substituted.***

**CLAUSE 3**

4. That at page 3, line 2, ***for*** the words "always deemed", the words "shall always be deemed" be ***substituted.***

–

**CLAUSE 6**

–

5. That at page 3, line 32, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***
6. That at page 3, line 36, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

**CLAUSE 8**

7. That at page 4, line 17, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***
8. That at page 4, line 18, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

**CLAUSE 12**

9. That at page 5, line 30, ***after*** the word "order", the words "or from the date of its publication in the Official Gazette, whichever is earlier" be ***substituted.***

–

| | | |
|---|---|---|
| 10. | Insertion of new sections 18B and 18C. | That at page 5, ***for*** clause 14, the following be ***substituted***, namely:- |
| | Exclusion of jurisdiction of civil courts. | "14. After section 18A of the principal Act, (as so inserted by section 13 of this Act), the following sections shall be inserted, namely:â€” |
| | | "18B. Save as otherwise provided in this Act, no civil |

court or authority shall have jurisdiction to entertain any suit or proceedings in respect of any property, subject matter of this Act, as amended by the Enemy Property (Amendment and Validation) Act, 2017, or any action taken by the Central Government or the Custodian in this regard.

Appeal to High Court. 18C. Any person aggrieved by an order of the Central Government under section 18 of this Act, may, within a period of sixty days from the date of communication or receipt of the order, file an appeal to the High Court on any question of fact or law arising out of such orders, and upon such appeal the High Court may, after hearing the parties, pass such orders thereon as it thinks proper:

Provided that the High Court may, if it is satisfied that the appellant was prevented by sufficient cause from filing an appeal within the said period, allow it to be filed within a further period not exceeding sixty days.

*Explanation*.â€"In this section, "High Court" means the High Court of a State or Union territory in which the property referred to in section 18 is situated.".

**CLAUSE 17**

11. That at page 6, line 12, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

12. That at page 6, line 17, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

13. That at page 6, line 27, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

14. That at page 6, line 35, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

-

**CLAUSE 19**

15. That at page 6, line 40, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

16. That at page 6, line 43, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

17. That at page 6, line 44, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

18. That at page 6, line 47, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

l. 8 2016. 19. That at page 6, line 48, ***for*** the word and figure "Ordinance, 2016", the words and figure "Fifth Ordinance, 2016" be ***substituted***.

-

**CLAUSE 22**

-

20. That at page 7, ***for*** lines 28 to 32, the following be ***substituted***, namely:-

Ord. 8 of 2016. "22(1) The Enemy Property (Amendment and Validation) Fifth Ordinance, 2016 is hereby repealed". Repeal and savings.

34 of 1968. (2) Notwithstanding such repeal, anything done or any action taken under the Enemy Property Act, 1968 as amended by the said Ordinance, shall be deemed to have been done or taken under the corresponding provisions of the said Act, as amended by this Act".

*The motion was adopted.*

HON. SPEAKER: We shall now take up amendments made by Rajya Sabha. I shall now put amendment Nos. 1 to 9 made by Rajya Sabha together to the vote of the House.

The question is:

**ENACTING FORMULA**

1. That at page 1, line 1, ***for*** the word "Sixty-seventh", the word "Sixty-eighth" be ***substituted.***

**CLAUSE 1**

2. That at page 1, line 4, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted***

**CLAUSE 2**

3. That at page 2, line 24, ***for*** the word "law", the words "other laws" be ***substituted.***

**CLAUSE 3**

4. That at page 3, line 2, ***for*** the words "always deemed", the words "shall always be deemed" be ***substituted.***

**CLAUSE 6**

5. That at page 3, line 32, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***
6. That at page 3, line 36, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

**CLAUSE 8**

7. That at page 4, line 17, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***
8. That at page 4, line 18, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

**CLAUSE 12**

9. That at page 5, line 30, ***after*** the word "order", the words "or from the date of its publication in the Official Gazette, whichever is earlier" be ***substituted.***

*The motion was adopted.*

HON. SPEAKER: Shri Premachandran, Are you moving your amendments?

...(*Interruptions*)

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: Yes.

I beg to move:

Page 1, in the list of amendments, in amendment No. 10,--

*for* "within a period of sixty days"

*substitute* "within a period of ninety days". (1)

Page 1, in the list of amendments, in amendment No. 10,--

*for* "from the date of communication or receipt of the order"

*substitute* "from the date of receipt of the order" (2)

HON. SPEAKER: I shall now put amendment Nos. 1 and 2 moved by Shri Premachandran to amendment No. 10 of clause 14.

*The amendments were put and negatived.*

HON. SPEAKER: I shall now put amendment Nos. 10 to 20 made by Rajya Sabha together to the vote of the House.

The question is:

| | | |
|---|---|---|
| 10. | Insertion of new sections 18B and 18C. | "That at page 5, ***for*** clause 14, the following be ***substituted***, namely:- |
| | Exclusion of jurisdiction of civil courts. | "14. After section 18A of the principal Act, (as so inserted by section 13 of this Act), the following sections shall be inserted, namely:â€" |
| | | "18B. Save as otherwise provided in this Act, no civil court or authority shall have jurisdiction to entertain any suit or proceedings in respect of any property, subject matter of this Act, as amended by the Enemy Property (Amendment and Validation) Act, 2017, or any action taken by the Central Government or the Custodian in this regard. |
| | Appeal to High Court. | 18C. Any person aggrieved by an order of the Central Government under section 18 of this Act, may, within a period of sixty days from the date of communication or receipt of the order, file an appeal to the High Court on any question of fact or law arising out of such orders, and upon such appeal the High Court may, after hearing the parties, pass such orders thereon as it thinks proper: |
| | | Provided that the High Court may, if it is satisfied that the appellant was prevented by sufficient cause from filing an appeal within the said period, allow it to be filed within a further period not exceeding sixty days. |
| | | *Explanation*.â€"In this section, "High Court" means the High Court of a State or Union territory in which the property referred to in section 18 is situated.". |

**CLAUSE 17**

11. That at page 6, line 12, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

12. That at page 6, line 17, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

13. That at page 6, line 27, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

14. That at page 6, line 35, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

**CLAUSE 19**

15. That at page 6, line 40, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

16. That at page 6, line 43, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

17. That at page 6, line 44, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

18. That at page 6, line 47, ***for*** the figure "2016", the figure "2017" be ***substituted.***

I. 8 2016. 19. That at page 6, line 48, ***for*** the word and figure "Ordinance, 2016", the words and figure "Fifth Ordinance, 2016" be ***substituted***.

**CLAUSE 22**

| | | |
|---|---|---|
| 20. | That at page 7, ***for*** lines 28 to 32, the following be ***substituted***, namely:- | |
| Ord. 8 of 2016. | "22(1) The Enemy Property (Amendment and Validation) Fifth Ordinance, 2016 is hereby repealed". | Repeal and savings. |
| 34 of 1968. | (2) Notwithstanding such repeal, anything done or any action taken under the Enemy Property Act, 1968 as amended by the said Ordinance, shall be deemed to have been done or taken under the corresponding provisions of the said Act, as amended by this Act"." | |

*The motion was adopted.*

HON. SPEAKER: The Minister may now move that the amendments made by Rajya Sabha in the Enemy Property (Amendment and Validation) Bill, 2016, as passed by Lok Sabha, be agreed to.

SHRI RAJNATH SINGH: Madam, I beg to move:

"That the amendments made by Rajya Sabha

in the Bill be agreed to."

HON. SPEAKER: The question is:

"That the amendments made by Rajya Sabha

in the Bill be agreed to."

*The motion was adopted.*

HON. SPEAKER: When we reassemble, we would take up the Demands for Grants of Railways.

Now, the House stands adjourned to meet again at 3.30 p.m.

**14.31 hours**

*The Lok Sabha then adjourned till Thirty Minutes past Fifteen of the Clock.*

**15.33 hours**

*The Lok Sabha re-assembled at Thirty-Three Minutes past*

*Fifteen of the Clock.*

(Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

**DEMANDS FOR GRANTS (GENERAL), 2017-2018**

**Ministry of Railways**